एक नजर में

## मानव मन में भक्ति व पुण्य का श्रृंगार हो



**नागदा ( धार )।*** मानव मन में भक्ति व पुण्य का श्रृंगार हो, सांसारिक वस्तुओं का नहीं। भक्ति का श्रृंगार अनंतकाल तक आत्मा की सुंदरता को जीवंत रखता है। संसार सुंदर नहीं बल्कि जिसने सृष्टि को बनाया वह परम पिता परमेश्वर सुंदर है। मनुष्य को मन और स्वभाव बदलने की आवश्यकता है, मनुष्य का मन और स्वभाव बदल जाए तो मौक्ष का मार्ग सहज है। जीवन में स्वयं का गुणगान नहीं बल्कि परमात्मा का गुणगान करे। उक्त मधुर वचन शांतिनाथ अतिथि भवन बस स्टेण्ड पर चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ में भागवताचार्य पं. अनिल शास्त्री, जलोद ने पाँचवे दिवस गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग प्रसंग पर भक्तों के बीच कहे। कथा प्रसंग में पं. शास्त्री ने कहा कि मनुष्य को गौमाता एवं ब्राह्मण का सम्मान करना चाहिए, कभी भी तिरस्कार नहीं। जो इनका तिरस्कार करता है वह नरक में जाता है। भागवत कथा को श्रवण करने वाले भक्त भागवत ज्ञान गंगा में बुराईयों की आहुती देकर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाएँ। भक्त अपना स्वभाव माखन की भाँति रखें क्योंकि माखन हरि को प्रिय है और जो हरि को प्रिय हो जाए वह अनन्त सुखो का स्वामी हो जाता है। श्रीमद् भागवत कथा में गोवर्धन पूजा कर छप्पन भोग लगाया। कथा प्रवक्ता पं. अनिल शास्त्री, यजमान पं. विकास पाण्डे परिवार का किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेन्द्र बोकि?या, राजमल राठौ?, कमलेश पगारिया, नितेश सुराना, मुफज्जल हुसैन बोहरा, पुखराज कटारिया, अनिल नाहर, गगन मुथा, अंकित खिमेसरा, जीतु सोलंकी द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेन्द्र बोकडिया ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करते है, वह भाग्यशाली होते है और जो कथा कराने का लाभ लेते है, वह सौभाग्यशाली होते है। बड़ी संख्या में भक्तों ने कथा श्रवण कर छप्पन भोग प्रसादी का लाभ लिया।

## राम को मानने वाले बहुत है पर राम की मांनने वाले कम है : पंडित राजेंद्र द्विवेदी




**कुक्षी।** राम को मानने वाले बहुत है पर राम की मांनने वाले कम है वैसे ही धर्म को मामने वाले बहुत है पर धर्म की मानने वाले कम है राम को मानने से जीवन मे बात नही बनेगी बात बनेगी राम की भक्ति शिक्षा और आदर्शो को मानने से न की राम को मानने से ।यह बात श्री राम कथा के सातवे दिन कथाचार्य पंडित राजेंद्र द्विवेदी ने श्रोताओं से कही.उन्होंने आगे कहा भागवत पोथी सिर पर रखकर पुरे गांव मे घूमने से कुछ नही होगा पोती को खोलकर प?कर दिल में धारण करने से जीवन मे बदलाव की बात बनेगी जैसे रोटी का सेवन करने भूख जाती दवाई के सेवन बीमारी जाती वैसे ही कथा का सेवन करने से जन्म और मृत्यु की बीमारी जाती है.कथाचार्य नें कहा की मानस हमें मर्यादा मे रहने की प्रेयणा देती है उन्होंने माता सीता का उदाहरण देते हुए कहा की माता सीता ने एक बार मर्यादा याने की लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन किया था तों 11 महीने 28 दिनों तक लंका की यातना भोगनी पड़ी थी और इस जमाने की माताएं और बहने तों पलपल मर्यादा का उल्लंघन करती है इन्हे कौनसी यातना भोगनी पड़ेगी इस पर विचार कर लेना चाहिए.उन्होंने भक्ति महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की भक्ति पचाने का विषय है छपाने का नही है और इस जमाने में भक्ति पचाई नहीं छपाई जा रही है आज भक्ति दिखावे की जा रही भक्ति से देवताओं की कामना पूर्ण हुई है तों हम अगर पूजा करेंगे तों हमारी कामना पूर्ण क्यों नही हो सकती है भक्ति के दिखावे से हमें बचना चाहिए.कथा विश्राम आरती के लाभार्थी का लाभ कोठारवाला परिवार के वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता (एसडीओ) नितेश गुप्ता,डॉ.रोहित गुप्ता व राधेश्याम गुप्ता रेडियो,महेश भाई (धरमपुरी) के परिवार को प्राप्त हुआ।

## बनी बाई वर्मा का निधन



**बाकानेर**--ऑटो पार्ट्स व्यवसाई मन्ना वर्मा की माताजी ,रवि कपिल चेतन धीरज की दादी श्रीमती बनी बाई का स्वर्गवास दिनांक 17 सितंबर बुधवार रात्रि 11 बजे हो गया है जिसका अंतिम संस्कार गुरुवार मान नदी मेलघाट पर किया गया। अंतिम यात्रा में ग्रामवासियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मीणा को सेवादल में किया मानपुर ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त

**महू.** प्रदेश सेवादल कांग्रेस ने हासलपुर के युवा नेता पंकज मीणा को मानपुर ब्लाक अध्यक्ष सेवादल का नियुक्त किया गया जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, गोविंद टेलर की अनुशंसा पर सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव द्वारा मीणा को मानपुर ब्लाक में सेवादल अध्यक्ष नियुक्त किया गया नियुक्ति के बाद हासलपुर में नवनियुक्त अध्यक्ष मीणा का स्वागत किसान कांग्रेस अध्यक्ष जितु ठाकुर,धर्मेंद्र सिंह चौहान, विष्णुमुलचंद यादव, मनमोहन सिंह गुणावद, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, लखन दरबार, राजु सेठ, कपिल पटेल , चेतन शर्मा, जुगनु सिंह धनवद , विवेक मीणा, महेन्द्र गोस्वामी, अरविंद गुणावद,शाहिद खान,बब्बु सदर आदी ने स्वागत कर बधाई दी है.

## स्व . मीना बड़ोनिया की मनाई पंचम पुण्यतिथि

**महू.** वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर पवन बड़ोनिया की धर्मपत्नी स्व. मीना बड़ोनिया के पंचम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का अयोजन किया गया. इस दौरान मंदिर परिसर के बाहर बैठे भोजन प्रसादी बांटी गई, तो वही पंडित को दान पुण्य किया गया. इस दौरान फोटोग्राफर पवन बडोनिया, राजकुमार बडौनिया, राजेश बडोनिया, पंकज बडौनिया, राहुल बडौनिया, कैलाश बडौनिया पोते राजवीर बडौनिया, जयवीर बडौनिया एवं समस्त बडौनिय परिवार ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए.






# शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

### श्रीमंत हेमेंद्र सिंह राजे पवार के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर

**धार. गुरुवार को धार पब्लिक स्कूल, धार के द्वारा श्रीमंत महाराजा हेमेन्द्रसिंह राजे पवार की 55वीं जन्म दिवस की सालगिरह के अवसर पर विद्यालय परिसर मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में लगभग 40 लोगो के द्वारा रक्तदान किया गया। तदपश्चात श्रद्धांजली सभा का भी आयोजन हुआ। सभा में महारानी धार एवं स्कूल संचालिका श्रीमति शैलाराजे पवार के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्याअर्पण द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई एवं उनके जीवन परिचय पर प्रकाष डाला गया।**





संस्था के सी.ई.ओ. श्री यषवंतराव निकम, प्राचार्य जॉय डेनियल एवं समस्त स्टाफ द्वारा भावभीनी श्रद्धांजली दी गई। आपकी बचपन की शिक्षाा देश के सबसे बडे विद्यालय इन्दौर के डेली कॉलेज में हुई थी। आप बचपन से ही मेघावी एवं अनुशासित छात्र रहे हे। आप पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय के अन्य गतिविधियों में भी सम्मिलित होकर विद्यालय का नाम गौर्वान्वित किया है। आप विद्यालय के क्रिकेट टीम के कप्तान भी रहे और 1983 में पाकिस्तान भी जाकर वहाँ के पाकिस्तान क्रिकेट टीम के साथ खेला था। उस समय पाकिस्तान टीम के कप्तान इमरान खान एवं वसीम अकरम, जावेद मियादाद जैसे खिलाडियों के साथ क्रिकेट खेला है। विशिष्ट प्रतिभा के धनी होने के कारण आप 23 साल की उम्र में ही जुलाई 1993 में धार पब्लिक स्कूल, धार की स्थापना किया जो आज म.प्र. में जाना जाता है। आपके मार्गदर्षन एवं षिक्षा निर्देष मे धार पब्लिक स्कूल धार के छात्र/छात्राओं ने पास कर षिक्षा जगत एवं खेल प्रतियोगिता में राज्य को नही देश दुनिया का भी नाम गौरवान्वित किया है। यह की कालेज जीवन काल से आपने सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना शुरु किया। 15 जनवरी 2015 में आपका धार राज्य के महाराज के रुप में राज्याभिषेक हुआ। आप बेडमिंटन एसोसिएषन धार के 2019 तक अध्यक्ष पद पर भी आसीन रहे। ''परिवार जिसका मंदिर था, स्नेह जिसकी भक्ति थी। परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी''।। यह जानकारी स्कूल के व्यवस्थापक वीरेन्द्र कुमार मिश्रा के द्वारा दी गई।





# संघ शताब्दी वर्ष : जिलेभर में गूंजेगा अनुशासन का स्वर, 97 स्थानों से निकलेंगे पथ संचलन

**धार । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी में जुटा है। उद्देश्य है, हर हिंदू परिवार से जुड़ाव और सक्रिय सहभागिता। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जिलेभर के 97 स्थानों पर तय समयावधि में विशाल पथ संचलन निकाले जाएगे।**

इन दिनों गांव- गांव ओर नगरीय क्षेत्रों की बस्तियों में स्वयंसेवकों की टोली घर-घर पहुंच रही है। परंपरागत गणवेश में सज्ज स्वयंसेवक न केवल संपर्क कर रहे हैं, बल्कि यह संदेश भी पहुँचा रहे हैं कि 卐शताब्दी वर्ष का यह आयोजन केवल संघ का नहीं, बल्कि हर हिंदू घर का आयोजन है। शताब्दी वर्ष संचलन को लेकर संघ का संकल्पभाव है कि इस वर्ष प्रत्येक हिंदू परिवार से कम से कम एक प्रतिनिधि पथ संचलन में शामिल होगा। अनुशासन, एकता और राष्ट्रभाव का यह विराट दृश्य जिले के कोने-कोने में देखने को मिलेगा। संघ की धार जिले की रचना में 926 गांव आते हैं जिन्हें 88 मंडलों में विभाजित किया गया है। तय योजना के अनुसार, इन 88 मंडल केंद्रों पर 25 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच भव्य पथ संचलन निकाले जाएंगे।



साथ ही जिले में 9 नगरिय केंद्र आते हैं, यहां भी संघ शताब्दी विशाल पथ संचलन निकलेंगे जिनमें 49बस्तियों से स्वयंसेवक शामिल होंगे। आने वाले विजयादशमी के आसपास गाँव की गलियों से लेकर नगर की मुख्य सड़कों तक अनुशासन और संगठन भाव का यह स्वर गूंजेगा।

जिले में कुल 13 घोष इकाइया है। संचलनों को लेकर इनमें —

आनक - 292, शंख - 36, वेणु - 114, प्रणव- 26, ताल - 48 आदि वाद्ययंत्रों के स्वयंसेवक प्रशिक्षित हुए हैं। जिससे जिले के पथ संचलनो में 516 स्वयंसेवक घोष वादन करेंगे ।

जिले में अब तक 4600 से अधिक गणवेश नए जुड़े स्वयंसेवको ने विक्रय कर ली है। जिले के सभी 926 गांवों से संचलन में सुनिश्चित सहभागिता हो इस हेतू कई कार्यकर्ता इन गांवों में प्रवास कर रहे हैं, गृह संपर्क के साथ- साथ वहां छोटी- छोटी बैठके कर संचलन का विषय पहुंचा रहे है।

## संगीत सभा का आयोजन आज

**धार ।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति संचालनालय भोपाल के आदेश के परिपेक्ष्य में महाविद्यालय द्वारा 19 सितंबर को स्व. पण्डित विष्णु नारायण भातखण्डे स्मृति के अवसर पर शासकीय ललित कला महाविद्यालय, घोडा चौपाटी धार में सायं 6 बजे संगीत सभा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें शास्त्रीय गायन श्री आकाश गुटीवार भोपाल, तबला वादन डॉ. अरूण धर्माधिकारी ग्वालियर द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी जायेगी। यह जानकारी संगीत महाविद्यालय धार के प्राचार्य द्वारा दी गई।

## लावारिस वाहनों के संबंध में दावा 25 सितंबर तक प्रस्तुत कर सकेंगे

**धार**, 18 अगस्त 25/ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनावर ने बताया कि थाना गंधवानी में लावारिस वाहन रखे गये है। जिनका कोई भी व्यक्ति जो उक्त सम्पत्ति का दावा रखते है, वे 25 सितंबर तक न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अपना स्वत: सिद्ध कर सकते है। इसके पश्चात म्याद प्राप्त आपत्ति को निराधार माना जाकर उस पर विचार नहीं किया जाकर विधिवत् वाहनों की नीलामी की जावेगी। अधिक जानकारी के लिये थाना गंधवानी प्रागंण में जाकर प्राप्त कर सकते है।

## बैठक आज

**धार ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 19 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में एसआईआर के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। जिसमें विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), बूथ लेवल ऐजेन्ट (बीएलओ), बीएलओ की नियुक्ति पश्चात बीएलओ के प्रशिक्षण एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में चर्चा की जायेगी।

एक नजर

### अग्रसेन जयंती महोत्सव में मनीष तिवारी की भजन संध्या में झूमे समाजजन

# देर रात तक पंडाल श्याम नाम के जयघोष से गूंजता रहा

**धार।** अग्रवाल समाज धार द्वारा समाज अध्यक्ष योगेश अग्रवाल एवं अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 के सयोंजक केशव अग्रवाल ने नेतृत्व में नव दिवसीय अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई जा रहा है। बुधवार को मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर मुख्यअतिथि समाज अध्यक्ष योगेश अग्रवाल,समिति के संयोजक केशव अग्रवाल,महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल,प्रमुख सलाहकार सुरेश गोयल,प्रदेश कोषाध्यक्ष सुमित गर्ग,महासभा के मुकेश गोयल,सुनील गर्ग,अर्पित अग्रवाल, ने दीप प्रज्वलित कर भजन संध्या का शुभारंभ किया। जिसमें इंदौर के प्रसिद्ध भजन गायक मनीष तिवारी ने एक से एक बढ़चढ कर भजनों की प्रस्तुति दी भजन संध्या में भजन गायक मनीष तिवारी ने 卐जिसकी नैया श्याम भरोसे डूब नहीं सकती卐, 卐काली कमली वाला मेरा यार है सहित भजनों से माहौल को भक्तिमय कर दिया। भजन संध्या में भजनों से समाजजनों को झूमने पर मजबूर कर दिया, देर रात तक पंडाल श्याम नाम के जयघोष से गूंजता रहा,वही भजनसंध्या में राधा कृष्ण व हनुमान जी की झांकी आकर्षक का केंद्र रही ।कार्यक्रम में पराग अग्रवाल,आशीष गोयल, ,मुरलीधर अग्रवाल, गोपीकिशन अगरवाल,दीपक अग्रवाल,अजय अग्रवाल,महक अग्रवाल, हितेष मोदी, सावन अग्रवाल,शिवकुमार अग्रवाल, उमेश लोहिया,घनश्याम मित्तल, मनीष अग्रवाल (टेक्स),सुरेश गर्ग (बगड़ी),मौजूद रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी श्याम मंगल एवं वैभव अग्रवाल ने दी ।शुक्रवार को होने वाले कार्यक्रम शुक्रवार को अग्रवाल बालिका मंडल द्वारा डांस प्रतियोगिता एवं बिगेस्ट फेन ऑफ तारक मेहता का उल्टा चश्मा 2.0 का आयोजन होगा।



